प्रेस नोट थाना गढ़िया रंगीन
जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक- 16.11.2026

थाना गढ़िया रंगीन पुलिस टीम द्वारा चोरी के सामान सहित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/ वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी तिलहर महोदय के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष गढ़िया रंगीन के नेतृत्व में थाना गढ़िया रंगीन पुलिस टीम को मिली बडी कामयाबी।

संक्षिप्त विवरण

दिनांक 15.11.26 की को थाना गढ़िया रंगीन पुलिस टीम थाना देख-रेख क्षेत्र शान्ति व्यवस्था, रोकथाम जुर्म जरायम व संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग हेतु क्षेत्र में मामूर थी तभी ग्राम पृथ्वीपुर से ग्राम रामपुर की तरफ चलने पर 01 मोटर साइकिल रामपुर अण्डर पास की ओर से आती हुई दिखाई दी। बाइक सवार ने मोटरसाइकिल कुछ दूरी पर रोककर खेतों की तरफ भागने लगा तथा पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति रुकने के लिए कहा तो पकडे जाने के डर से भागते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया और खेतों की तरफ भागने लगा तथा पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को दिनांक 16.11.26 को समय 02.14 बजे गंगा एक्सप्रेसवे के रामपुर अण्डर पास से लगभग 100 मीटर पहले खाली खेत से पकड लिया। पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम सोहिल पुत्र इस्लाम, उम्र 22 वर्ष, नि0 ग्राम नगरिया कला (पंखिया खेड़ा), थाना फहेतगंज पूर्वी, जनपद बरेली बताया जिसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 10 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक करधनी सेट सफेद धातु (कमरबंद) वजन 106.7 ग्राम, एक दिल आकार की करधनी सफेद धातु वजन 178.6 ग्राम, एक पायल सफेद धातु वजन 48.1 ग्राम, 12 जोड़ी बिछुए सफेद धातु वजन 52.7 ग्राम, दो कलाई घड़ियां तथा एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई। घटना के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 136/2026 धारा 109(1)/317(2) बी0एन0एस0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट धारा 207 में सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

सोहिल पुत्र इस्लाम, उम्र 22 वर्ष, नि0 ग्राम नगरिया कला (पंखिया खेड़ा), थाना फहेतगंज पूर्वी, जनपद बरेली।

पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 136/2026 धारा 109(1)/317(2) बी0एन0एस0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट, थाना गढ़िया रंगीन, जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का स्थान व समय का विवरण

दिनांक 16.11.26 को समय 02:14 बजे गंगा एक्सप्रेसवे के रामपुर अण्डर पास से लगभग 100 मीटर पहले खाली खेत से।

बरामदगी का विवरण

1. 01 तमंचा 315 बोर, 10 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर
2. 01 करधनी सेट सफेद धातु (कमरबंद) वजन 106.7 ग्राम
3. 01 दिल आकार की करधनी सफेद धातु वजन 178.6 ग्राम
4. 01 पायल सफेद धातु वजन 48.1 ग्राम
5. 12 जोड़ी बिछुए सफेद धातु वजन 52.7 ग्राम
6. 02 कलाई घड़ियां
7. 01 बुलेट मोटरसाइकिल (सीज अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट)

पूछताछ का विवरण

अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि साहब हम बाइक से आ रहे थे और पुलिस की गाड़ी को देखकर हम लोग भागने लगे और आपके पीछा करने पर हमने पलटकर एक फायर किया। जिसके बाद आपने मुझे पकड लिया गया तथा बरामद माल के बारे में बताया कि साहब मैं और मेरे साथी घर से चोरी करने के उद्देश्य से निकलते है व चोरी करके अपने घर वापस आ जाते है। हम लोग लखनऊ में किसी जगह जिसकी मुझे जानकारी नहीं है, चोरी करके घर वापस आ रहे थे तथा चोरी का सभी सामान मेरे पास था घर जाकर हम लोग सामान का बटवारा कर लेते लेकिन इसी बीच आपने मुझे पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

उ0नि0 श्री विवेक कुमार
हे0का0 मिर्जा जुबेर बेग
का0 अमीरुल हसन
का0 निसार हुसैन
चलाक का0 अविनाश मिश्रा